

भारत की जनगणना 1971

पुस्तक माला क्रमांक 10

मध्यप्रदेश

जिला जनगणना पुस्तिका

भाग दस (अ) और (आ)

ग्राम और नगर निर्देशिका

ग्राम और नगरवार जनगणना का प्राथमिक सारांश

जिला दतिया

अरुण कुमार पंड्या

भारतीय प्रशासनिक सेवा

निदेशक, जनगणना, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित

1973

1971 CENSUS PUBLICATIONS, MADHYA PRADESH

(All the Census Publications of this State will bear series No. 10)

PART I (in Sub-Parts)		Census General Report including Subsidiary Tables.
PART II-A		Census Tables on population.
PART II-B (in Sub-Parts)		Economic Tables.
PART II-C (in Sub-Parts)	...	Social and Cultural Tables.
PART III-A	...	Establishment Report and Subsidiary Tables.
PART III-B	...	Establishment Tables.
PART IV	...	Housing Report and Tables.
PART V (in Sub-Parts)	...	Special Tables & Ethnographic Notes on Scheduled Castes & Scheduled Tribes.
PART VI-A	...	Town Directory.
PART VI-B	...	Special Survey Reports on selected Towns.
PART VI-C	...	Survey Reports on selected Villages.
PART-VII	...	Special Report on Graduates and Technical Personnel.
PART VIII-A	...	Administration Report—Enumeration.
PART VIII-B	...	Administration Report—Tabulation.
PART IX	...	Census Atlas.
PART IX-A	...	Administrative Atlas.

STATE GOVERNMENT PUBLICATIONS

PART X-A	...	Village and Town Directory.
PART X-B	...	Village and Town Primary Census Abstracts.
PART X-C	...	Analytical Report and Administrative statements & District Census Tables.

(District Census Handbooks are published under Part X in 3 Parts—A, B & C for each of the 43 districts in the State. Parts A and B are published in one volume).

विषय-सूची

	विवरण	पृष्ठ क्र.
1.	**प्रस्तावना**	**i–ii**
2.	**शब्द संक्षेपों की सूची**	**1**
3.	**वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची**	**3–9**
	(i) सेवढ़ा तहसील	3–6
	(ii) दतिया तहसील	6–9

भाग (अ)

1.	**व्याख्यात्मक टिप्पणी**	**13–20**
2.	**ग्राम निर्देशिका (सुख सुविधाएं एवं भूमि उपयोग)**	**22–45**
	(i) सेवढ़ा तहसील	22–33
	(ii) दतिया तहसील	34–45
3.	**ग्राम निर्देशिका परिशिष्ट**	**46–47**
4.	**नगर निर्देशिका**	**48–50**
	(i) प्रास्थिति, विकास, इतिहास एवं कार्यात्मक वर्ग	48
	(ii) प्राकृतिक स्वरूप तथा स्थिति	48
	(iii) नगरपालिका वित्त	49
	(iv) नागरिक तथा अन्य सुविधाएं	49
	(v) चिकित्सा, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक सुविधाएं	50
	(vi) व्यापार, वाणिज्य, उद्योग तथा बैंकिंग	50
	(vii) जनसंख्या का धर्मानुसार विभाजन तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, 1971	50

भाग (आ)

1.	**व्याख्यात्मक टिप्पणी**	**53–54**
2.	**आंकड़े एक नजर में**	**55**
3.	**जनगणना का प्राथमिक सारांश**	**56–91**
	दतिया जिले का सारांश	56–59
	सेवढ़ा तहसील	**60–71**
	(ग्रामीण)	60–71
	दतिया तहसील	**72–91**
	(ग्रामीण)	72–85
	(नगरीय)	86–91

प्रस्तावना

१९५१ की जनगणना से पूर्व, संग्रहित आंकड़ों के सम्बन्ध में जिला स्तर पर पृथक् नियमित प्रकाशन नहीं थे, यद्यपि १९०१ की जिलेवार ग्राम सूचियों" एवं १९११ और १९४१ में "ग्राम आंकड़ों" के प्रकाशन में जिला जनगणना पुस्तिकाओं का बीजारोपण हो गया था १९२१ और १९३१ में इस तरह के प्रकाशन, जिनमें ग्राम के आबाद मकान, जनसंख्या का पुरुष/ स्त्री विभाजन और साक्षरता की जानकारी हो, न निकालने का कोई निश्चित कारण प्राप्त नहीं हो रहा है. १९२१ से जनगणना के कुछ व्यय, जो पूर्व में प्रान्तीय राजस्व से होते थे, का केन्द्रीय राजस्व को हस्तान्तरित होना ही कारण हो सकता है क्योंकि केन्द्रीय शासन ने ग्रामीण स्तर तक आंकड़ों का प्रकाशन आवश्यक न समझा हो. १९४१ में सेंट्रल प्राव्हिन्सेस एण्ड बरार शासन ने "ग्रामीण आंकड़े" प्रकाशित किए थे और प्रान्तीय शासन के व्यय पर जिलेवार प्रकाशन की प्रथा तब से चल रही है.

२. जिलेवार प्रकाशन, जो अब जिला जनगणना पुस्तिका के नाम से प्रकाशित होते हैं, का क्षेत्र १९५१ से अनुगामी प्रत्येक जनगणना में परिवर्तित होता रहा है. १९५१ में जिला जनगणना पुस्तिका में जनगणना का प्राथमिक सारांश और जनगणना सारणियां ही सम्मिलित की गई थीं. प्रत्येक जिले के पृथक् प्रकाशन की उपयोगिता के कारण १९६१ की जनगणना के समय इन पुस्तिकाओं के संबंध में सुधार किये गये एवं जिले से संबंधित जनगणना के अतिरिक्त आंकड़ों की जानकारी, जैसे मौसम, कृषि, सहकारिता, उद्योग, शिक्षा इत्यादि का समावेश किया गया. जिले की प्रमुख विशेषताओं की ओर ध्यान केन्द्रित कराने के आशय से जिले का परिचयात्मक लेख भी सम्मिलित किया गया. दुर्भाग्यवश, जिलेवार जनगणना के प्रकाशन को अत्यधिक विस्तृत करने के कारण उपयोगकर्त्ताओं को पुस्तकें विलम्ब से प्राप्त हुई अतः इस जनगणना में जिला जनगणना पुस्तिका को तीन भागों में विभाजित किया गया है जिससे कि अधिक से अधिक जानकारी शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराई जा सके तथा पुस्तिकाओं का समुचित उपयोग दो जनगणनाओं के बीच के काल में लगभग सात-आठ वर्ष तक हो सके भाग "अ" में मुख्यतः जनगणना के अतिरिक्त आंकड़े, भाग "आ" में जनगणना का प्राथमिक सारांश और भाग "इ" में जिले के परिचयात्मक लेख के साथ विभिन्न शासकीय आंकड़े सम्मिलित रहेंगे. मितव्ययिता को ध्यान में रखकर बाद में भाग "अ" और "आ" को सम्मिलित कर एक ही पुस्तिका में प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है.

३. १९६१ की जनगणना के बाद जिला जनगणना पुस्तिकाओं के प्रकाशन में जो विशेष विलम्ब हुआ उसका कारण प्रशासकीय आंकड़ों के संकलन में देरी तथा मुख्यालय में परिचयात्मक लेख लिखने का निर्णय था. प्रशासकीय आंकड़ों को जिला जनगणना पुस्तिका के भाग "इ" में पृथक् करना और १९६१-७१ दशाब्दी के जिलाध्यक्षों द्वारा "जिले का परिचयात्मक लेख" लिखे जाने के संबंध में राज्य शासन का अनुमोदन जिला जनगणना पुस्तिकाओं के सभी भागों के शीघ्र प्रकाशन में सहायक होगा, ऐसी सम्भावना है. शासकीय मुद्रणालयों में यदि कार्य की अधिकता हो और किसी जिले की जनगणना पुस्तिका के प्रकाशन में विलम्ब होने की संभावना प्रतीत होने पर, निजी मुद्रणालयों से मुद्रण की राज्य शासन की स्वीकृति भी इस समय एक अनुकूल स्थिति है. यहां यह वर्णित कर देना अनुचित न होगा कि इस समय जिला जनगणना पुस्तिका के संबंध में कार्यभार अत्यधिक है और वह केवल इसलिये नहीं कि पूर्वापेक्षा अत्यधिक जानकारी दी जा रही है, वरन अधिकतर इसलिये भी है क्योंकि इस बार जिला जनगणना पुस्तिका को हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी प्रकाशित करना है. प्रत्येक जिले के चार प्रकाशन २ हिन्दी और २ अंग्रेजी में--के आधार पर कुल १७२ प्रकाशन होंगे. जनगणना के अतिरिक्त आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये इस समय अग्रिम कार्यवाही की गई थी और यह आशा की जाती है कि सभी ४३ जिलों की भाग "अ" और "आ" की सम्मिलित पुस्तिका १९७३ के अंत तक और भाग "इ" की पुस्तिका १९७५ के मध्य तक प्रकाशित हो जावेगी. १९६१ की जनगणना की जिला जनगणना पुस्तिकाएं १९६४ से १९६७ तक प्रकाशित हुई थीं, अतः १९६१ के कार्य संपादन पर यह एक निश्चित सुधार होगा.

४. मेरे पूर्व पदाधिकारी, श्री जी. जगत्पति ने १९६१ की जिला जनगणना पुस्तिकाओं की प्रस्तावना में इस प्रकार विचार व्यक्त किया था:—"इस जनगणना में जनगणना आंकड़ों के लिये विकास खण्ड को इकाई मानना मुख्यतः इसलिये संभव नहीं हुआ कि १९६१ तक बहुत से क्षेत्र विकास खंडों के अंतर्गत नहीं आये थे. सभी क्षेत्रों को विकास खण्डों के अंतर्गत लाने का कार्य १९६३ के मध्य तक पूर्ण हुआ और संभव है कि १९७१ की जनगणना में प्रस्तुतिकरण और संकार्य उद्देश्य से विकास खंड को आधारभूत क्षेत्र-इकाई माना जावे". कई कारणों से इस जनगणना में विकास खण्ड को आधारभूत क्षेत्र-इकाई मानना संभव नहीं हुआ. प्रथम, खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय दिसम्बर, १९६५, में समाप्त हो गये; २-१०-१९६९ से उसका विकास सहायक के कार्यालय के रूप में पुनरुज्जीवन, १९७१ की जनगणना के लिये क्षेत्रीय व्यवस्था पूर्ण करने तक,

स्थायी आधार पर नहीं हो पाया था. द्वितीय, क्षेत्र-इकाई के लिये तहसील को रखने से अनेक सुविधाएं हैं, मुख्य रूप से ग्रंतर्वर्ति कर्मचारी—पटवारी—की अविलम्ब प्राप्तता है एवं जिसके सक्रिय सहयोग के अभाव में यह निश्चित करना अत्यधिक कठिन कार्य होगा कि एक खेत में स्थित रिहायशी मकान किस ग्राम का भाग है. चूंकि प्रत्येक ग्राम के आंकड़े प्राप्त हैं, अतः ग्राम और तहसील के मध्यस्थ इकाई, जैसे विकास खण्ड या पटवारी हल्का, के आंकड़े सहज ही ग्रामों के आंकड़ों को जोड़कर संग्रहित किये जा सकते हैं. बहुत समय से तहसील एक निश्चित प्रशासकीय इकाई है और मेरी राय में विकास खण्ड, जिसका क्षेत्र भावी विकास के साथ परिवर्तित भी हो सकता है, की तुलना में तहसील को ही क्षेत्र-इकाई रखा जाना चाहिये.

५. अन्त में, मैं राज्य शासन, जिसने कृपापूर्वक जिला जनगणना पुस्तिका के हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी में प्रकाशित करने की स्वीकृति प्रदान की, अनेक शासकीय और अर्द्धशासकीय कार्यालयों, जिन्होंने बिना दुविधा के जनगणना के अतिरिक्त आंकड़े उपलब्ध किए और नियंत्रक मुद्रण तथा उनके कर्मचारियों, जिन्होंने शासकीय और निजी मुद्रणालयों में शीघ्र प्रकाशन की व्यवस्था की, प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहूंगा.

भोपाल :
१५ अगस्त, १९७२.

अक्षय कुमार पंड्या

शाकेमुभो—१७०—जगका—१८-९-७३—७,००,०००

शब्द संक्षेपों की सूची

I	**नागरिक प्रशासन**	
1	नगरपालिका	न. पा.
2	नगर निगम	न. नि.
3	नोटिफाइड एरिया कमेटी	नो. ए. क.
4	केन्टोनमेंट बोर्ड	के. बो.
5	नगरपालिका/नोटिफाइड तथा पंचायत के अतिरिक्त प्रशासन	अति. प्र.
6	ग्राम पंचायत	ग्रा. पं.
II	**अन्य सुविधाएं (सफाई तथा शौच)**	
7	खुली नालियां	खु. ना.
8	बन्द नालियां	ब. ना.
9	स्यूअरेज	सी.
10	सिर पर टोकनी द्वारा	सि. टो.
11	हाथ गाड़ी/मल वाहन गाड़ी	हा. गा.
12	बैलगाड़ी	बै. गा.
13	ट्रैक्टर/ट्रक	ट्रै./ट्रु.
14	सेप्टिक टैंक	सेप्ट
III	**शिक्षा सम्बन्धी**	
15	प्राथमिक शाला	प्रा. शा.
16	पूर्व माध्यमिक शाला	पू. मा. शा.
17	माध्यमिक शाला	मा. शा.
18	उच्चतर माध्यमिक शाला	उ. मा. शा.
19	महाविद्यालय-कला	क.
20	महाविद्यालय-विज्ञान	वि.
21	महाविद्यालय-वाणिज्य	वा.
22	कला, विज्ञान एवं वाणिज्य	समि.
23	बुनियादी प्राथमिक शाला	बु. प्र. शा.
24	बुनियादी महिला सिलाई केन्द्र	बु. म. सि. के.
25	शार्ट हैन्ड तथा टाईप रायटिंग प्रशिक्षण संस्था	शी. मु.
26	व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्था	व्य. प्र. सं.
27	विश्वविद्यालय	वि. वि.
28	गृह विज्ञान महाविद्यालय	गृ. वि.
IV	**चिकित्सा सम्बन्धी**	
29	प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र	प्रा. चि. के.
30	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	प्रा. स्वा. के.
31	औषधालय	औ.
32	चिकित्सालय	चि.
33	क्षय रोग विरुज्ञालय	क्ष. रो. वि.
34	मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र	मा. शि. के.
35	आयुर्वेदिक औषधालय	आ. औ.
36	स्वास्थ्य केन्द्र	स्वा. के.
37	उपचर्यागृह	उ. गृ.
38	परिवार नियोजन केन्द्र	प. नि. के.
39	पशु चिकित्सालय	प. चि.
V	**बिजली सम्बन्धी**	
40	रोशनी	रो.
41	सिंचाई	सि.
42	उद्योग	उ.
VI	**पेय-जल सम्बन्धी**	
43	नल	नल
44	नदी	न.
45	नाला	ना.
46	नलकूप (ट्यूब वेल)	न. कू.
47	कुआं	कु.
48	तालाब	ता.
49	झरना	झ.
50	नहर	नहर
51	ओव्हर हेड टैंक	टैं.
52	सरविस रिजर्वायर	स. रि
53	प्रेसर टैंक	प्र. टैं.
VII	**परिवहन सम्बन्धी**	
54	पक्की सड़क	प. स.
55	कच्ची सड़क	क. स.
56	रेल	रे.
VIII	**डाक तथा तार सम्बन्धी**	
57	डाक घर	डा.
58	तार घर	ता.
59	दूरभाष	दू.
IX	**अन्य**	
60	जानकारी अप्राप्त	अ. प्रा.
61	अन्य	अ.

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची

जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील	**4/1**
	अ	
1	अटरा	70
2	अतरेटा प्रोज	61
3	अदलीसपुरा	66
4	अन्डोरा	140
5	अमरा	8
6	अमावली	162
	आ	
7	आनंदपुर	151
8	आलमपुर खुर्द	101
	इ	
9	इकोना	209
10	इटोंदा	73
11	इन्दर गढ़	163
	ई	
12	ईगुई	102
13	ईटारोरा	149
	उ	
14	उचाड़	196
	ऊ	
15	ऊंचिया	218
	क	
16	कटापुर	184
17	कन्जोली	128
18	कन्हरपुरा	34
19	करीला	78
20	कसेरुआ	6
21	किटाना	1
22	कुठोंदा	158
23	कुदरा	117
24	कुदारी	118
25	कुर्रा	197
26	कुलेथ	135
27	कुंवर पुरा	56
	ख	
28	खजूरी	203

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील—क्रमशः	
29	खड़ौआ	168
30	खमरौली	27
31	खाई खेड़ा	214
32	खान्जा पुरा	71
33	खिरका	198
34	खिरिया	161
35	खेरी चाचू	144
36	खेरी देवता	109
37	खेरी भाट	43
38	खेरोना	112
39	खेरोना घाट	136
	ग	
40	ग्यारा	16
41	गान्धीग्राम	50
42	गुमानपुरा	13
43	गोपालपुरा	69
44	गोरा	80
45	गोविन्द नगर	170
46	गोहना	207
	च	
47	चंगपुरा	108
48	चक्क बेना	131
49	चक उंचिया	216
50	चक धनोली	215
51	चक बरेजा	24
52	चढ़ रौआ	115
53	चंदेरिया	23
54	चपरा	126
55	चरोखरा	93
56	चिताई	21
57	चिताई	175
58	चिमघन	176
59	चीना	97
	छ	
60	छिकाऊ	212
61	छेनकुरी	187
	ज	
62	जरा	29
63	जरौली	122

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची

जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील–क्रमशः	
64	जसवन्त नगर	32
65	जसवन्तपुर	147
66	जसवन्तपुरा	138
67	जसावली	76
68	जिगनिया	186
69	जुझारपुर	204
70	जैतपुरा	188
71	जौनिया	134
72	जौंरा	224
73	जौं रीताल	45
	ट	
74	टीकर	193
75	टुकी	11
76	टेढ़ा	81
77	टोड़ा	174
78	टोड़ा पहाड़	125
	ड	
79	डांग उचाड़	172
80	डांग कछार	30
81	डांग सेवढ़ा	28
82	डिरोली डांग	53
83	डिरोली पार	14
84	डोंगर पुर	20
	ढ	
85	ढिमर याड	169
	त	
86	तिगरा	210
87	तिगरू	171
88	तिलेथा	194
	थ	
89	थरेट	123
90	थैली	208
	द	
91	दमेरा	166
92	दरयावपुर	36
93	दाभनी	49
94	दिगुवन	98

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील–क्रमशः	
95	दुरगापुर	154
96	देगवांगूजर	213
97	देभई	72
98	देलुआ	153
99	देवपुरा	40
100	दोहर	143
	ध	
101	धनोली	217
102	धरमपुरा	83
103	धीरपुरा	206
104	धोरीं	92
105	धोरीं	91
	न	
106	नदना	180
107	नन्दपुर	35
108	नहला	54
109	नानट	26
110	निमोंना	113
111	नीम डांडा	2
112	नेतुआपुरा	165
	प	
113	पचेरा बुजुर्ग	129
114	पचोखरा	139
115	पचोरा खुर्द	114
116	पड़री	157
117	परसोंडा गूजर	111
118	परसोंडा बामन	79
119	पहाड़ी	124
120	पहाड़ी रावत	145
121	पहाड़ी श्याम	141
122	पाली	18
123	पिपरउआ	146
124	पिपरा	190
125	पीपरी	222
126	पोरसाखुर्द	89
	फ	
127	फतेपुर	110
	ब	
128	बंडा पारा	185

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची
जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील–क्रमशः	
129	बघावदी	15
130	बड़ेहरी	152
131	बड़ोखरी	85
132	बृसिंग पुरा	120
133	बरगुवां	142
134	बरजोरपुरा	192
135	बरा बुजुर्ग	130
136	बस्तरी	48
137	बसई जीव	127
138	बसई मलक	58
139	बसीठ	116
140	बहादुरपुर	62
141	बहेरा	182
142	बागपुरा	223
143	बागरदन प्रोज	225
144	बागरदन सिद्धो	226
145	बालमपुरा	12
146	बिजोरा	5
147	बिडोरा	107
148	बिनोरी	133
149	बिलासपुर	137
150	बिसोर	51
151	बीरपुरा	75
152	बुढ़ेरा	55
153	बेना	132
154	बेरखेड़ा	77
155	बेरछा	57
156	बिजयपुरा	74
	भ	
157	भगुआपुरा	67
158	भड़ोल	178
159	भदोना	201
160	भरसूला	200
161	भरोंली	189
162	भीकम पुरा	7
163	भैंसाई	63
164	भोवई खुर्द	99
165	भोवई बुजुर्ग	103
	म	
166	मऊ	195
167	मगरौल	9

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील–क्रमशः	
168	मड़ी खेरा	60
169	मदन पुरा	31
170	मरसेनी खुर्द	59
171	मरसेनी बुजुर्ग	90
172	मलिया पुरा	86
173	महरौली	106
174	महाराज पुरा	38
175	महेवा	37
176	महोना	160
177	मुबारिक पुरा	46
178	मुरमवां	219
179	मेड़पुरा	19
180	मेवली	4
181	मोहन पुरा	82
	र	
182	रठावली	84
183	रनिया पुरा	41
184	रमगढ़ा	173
185	रमदेवा	181
186	रल्हा जीवन	156
187	रल्हा राय	211
188	राजपुर	17
189	रानी पुरा	220
190	रामनेर	87
191	रामपुरा खुर्द	65
192	रामपुरा बुजुर्ग	47
193	रायपुरा खुर्द	88
194	रायपुरा बुजुर्ग	104
195	रिपोली	44
196	रूबाहा	94
197	रूर	96
198	रूरा	95
199	रूरा	177
200	रूहेरा	3
201	रोंनी	155
	ल	
202	लहेरा	148
203	लहेरा बेड	119
204	लोकेन्द्रपुर	25
205	लोच	167
206	लोधीपुरा	221

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची
जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	सेवढ़ा तहसील–समाप्त	
	ब	
207	व्यास पुरा	68
	श	
208	शिकार पुरा	52
	स	
209	स्यावरी	191
210	सड़	10
211	सिकरी	150
212	सिकरोली	105
213	सिमथरा	183
214	सिरसा	42
215	सिलोतर पुरा	100
216	सिलोरी	199
217	सीता पुर	22
218	सुन्दर पुरा	205
219	सुनारी	202
220	सुल्तान पुरा	64
221	सूरा पारा	159
222	सेगवां	121
223	सेवढ़ा	33
224	सेवनी	179
	ह	
225	हुसने पुरा	164
226	हेतम पुरा	39
	दतिया तहसील	**4/2**
	अ	
1	अंजनी	75
2	अकोला	107
3	अगोरा	74
4	आसैर	123
	इ	
5	इकारा	114
6	इर्मालिया	127
	उ	
7	उनाव	177
8	उपरैन	49
9	उर्दना	210

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
	ए	
10	ऐरई	41
	ओ	
11	ओरीना	13
	क	
12	ककरूआ	128
13	ककोड़ा	201
14	कटीली	197
15	कधारी	211
16	कमथरा	19
17	कमरारी	190
18	कर्रा	17
19	करखरा	152
20	करारी खुर्द	188
21	कल्याणपुरा खुर्द	169
22	कल्याणपुरा बुजुर्ग	145
23	कामद	172
24	काला पहाड़	84
25	काली पहाड़ी	76
26	काली पुरा	103
27	कुम्हेड़ी	100
28	कुमर्रा	149
29	कुमारिया	174
30	कुरथरा	15
31	कुरेठा	135
32	कुवा खेड़ा	160
33	कुसोली	162
34	केवलारी	101
35	कोटरा	2
	ख	
36	खटोला	92
37	खिरिया	12
38	खिरिया कबीर	166
39	खिरियाखोदस	146
40	खिरिया घोघा	130
41	खिरिया नाई	168
42	खैरी	90
	ग	
43	गंधारी	77
44	गड़ा	59

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची
जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
45	गड़ी	62
46	गनेश खेड़ा	196
47	गदरी	138
48	गुंदरिया	214
49	गुजर्रा	178
50	गुलियापुरा	4
51	गुदा	147
52	गुलमऊ	170
53	गोविन्दगढ़	117
54	गोविन्द नगर	70
55	गोविन्दपुर	25
56	गोरा	3
	घ	
57	घरावा	184
58	घिसलनी	179
59	घुटारी	32
60	घूघसी	14
	च	
61	चक चदेवा	116
62	चकबहादुरपुर	97
63	चक्क राम सागर	72
64	चक्काबू	22
65	चकोरा	141
66	चरबरा	151
67	चिरूला	187
68	चितुवां	78
69	चितूपुरा	63
70	चिरोल	8
71	चिरौली	110
72	चौपरा	71
	ज	
73	जगोरिया	34
74	जनकपुर	118
75	जनकपुर	217
76	जैतपुर	199
77	जोनहार	16
78	जोहरिया	191
	झ	
79	झड़िया	66

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
80	झालमऊ	180
	ठ	
81	ठकुरपुरा	220
	ड	
82	डंगरा	6
83	डगुरई	87
84	डांडा	142
85	डोंगरपुर	54
	त	
86	तगा	185
87	तरगुवां	175
88	तरैउवा	36
	द	
89	दतिया गिर्द	67
90	दबर दोना	171
91	दबरा बाग	50
92	दबरी भाट	121
93	दरयावपुर	159
94	दिमान की रूंद	88
95	दिसवार	155
96	दुबाह	150
97	दुर्गापुर	73
98	दुरसरा	154
99	देगुवां चमर	143
100	देवगढ़	227
101	देवपुरा	137
102	देवरा	165
	ध	
103	धवारी	119
	न	
104	नदाई	144
105	नन्दपुर	47
106	नयाखेड़ा	209
107	नया गांव	109
108	नरगढ़	176
109	नरेटा	186
110	निचरौली	69
111	निरावल	93
112	नेचोरा	204

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची
जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
	प	
113	पखरा	192
114	पगरा	85
115	पचारा	24
116	पचोखरा	1
117	पठरा	120
118	परासरी	181
119	पहाड़ी	61
120	पारा खेड़ा	213
121	पालीनूर	140
122	पिटसूरा	20
123	पैंता	125
	फ	
124	फूलरा	83
	ब	
125	बरोन कलां	5
126	बड़ेरा	51
127	बड़ोनी खुर्द	23
128	बदन पुर	134
129	बनबास	193
130	बरगांव	43
131	बरधुवां	198
132	बसवाहा	157
133	बरोय	56
134	बसई	225
135	बहादुरपुर	99
136	बाजनी	81
137	बानोली	55
138	बामरोल	46
139	बिजमपुर	33
140	बिजनपुरा	163
141	बिड़निया	94
142	बिल्हार	189
143	बीकर	129
144	बुधेड़ा	60
145	बुहारा	133
146	बेहम्का	52
	भ	
147	भदूमरा	18
148	भदेवरा	122
149	भमानीपुर	95
150	भिटी	42

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
151	भिटौरा	113
152	भिल्ला	9
153	भुला	161
154	भैरार	21
155	भोय	139
	म	
156	मंगलपुर	153
157	मकड़ारी	215
158	मकौनी	91
159	मखना	207
160	मझगुवां	206
161	मलखानपुर	156
162	मलक पहाड़ी	53
163	मवई	132
164	महाराजपुरा	221
165	महाराजपुरा	96
166	महुआ	57
167	महेवा	28
168	मानिकपुर	216
169	मुड़रा	212
170	मुड़ैनी	31
171	मुरेरा	27
172	मोहनपुर	126
	र	
173	रजोरा	136
174	रमपुरा	202
175	रड़ुवापुरा	105
176	राजापुर	89
177	राजापुर	203
178	राधापुर	112
179	राधापुर	208
180	रामनगर	68
181	रामपुरा	29
182	रामपुरा	205
183	रामसागर	26
184	रावतपुरा	80
185	रावरी	45
186	रिछरा	65
187	रिछार	167
188	रिछारी	30
189	रेढ़ा	98

वर्णक्रमानुसार ग्रामों की सूची


जिला दतिया

क्रमांक	ग्राम का नाम	स्था. को. नं.
1	2	3
	दतिया तहसील–क्रमशः	
190	रैपुरा	48
191	रोव	111
	ल	
192	लखनपुर	222
193	लमायचा	79
194	लरायटा	82
195	ललउवा	183
196	लिधोरा	58
197	लैतरा	104
	स	
198	स्यारी	115
199	सडवारा	124
200	सतलौन	218
201	समरोली	37
202	सबदलपुर	131
203	सांकुली	200
204	सासूटी	158
205	सिकउआ	164
206	सिजोरा	11
207	सिन्धवारी	102
208	सिनावल	38
209	सिमरिया	173
210	सिरोल	64
211	सिहूली	194
212	सीतापुर	35
213	सीतापुर	224
214	सुकैटा	108
215	सुजेद	148
216	सुनार	40
217	सेमई	106
218	सेरसा	182
219	सैपुरा	44
220	सिवनी	39
	ह	
221	हथलव	195
222	हमीरपुर	86
223	हसनपुर	223
224	हिड़ोरा	10
225	हिनौतिया	7
226	हिम्मतपुर	219
227	हीरापुर	226

दतिया तहसील–समाप्त

मध्य प्रदेश


जिला दतिया




टिप्पणी: सर्वेक्षर अभिलेख, भारत शासन के अनुसार जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल (अस्थायी) 2,034·00 वर्ग कि. मी. है।


तहसीलों के नाम	क्षेत्रफल वर्ग कि. मी.	ग्रामों की संख्या	नगरीय केन्द्र
सेंवढ़ा	925.98	226	0
दतिया	1108.83	227	1
जोग (दतिया जिला)	2034·81	453	1

जिला मुख्यालय .....
तहसील मुख्यालय .....
राज्य सीमा .....
जिला सीमा .....
तहसील सीमा .....
पक्की सड़क .....
कच्ची सड़क .....
प्रान्तीय मार्ग ..... प्रा. मा.
नदी एवं नाला .....
नहर .....
नगर .....
5000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम .....
बाजार .....
डाकघर / तारघर ..... डा./ता.
विश्राम गृह / विश्राम भवन ..... वि. गृ.
रेलवे स्टेशन सहित बड़ी लाईन .....
चिकित्सालय .....
औषधालय; आयुर्वेदिक औषधालय ..... औ. ; आ. औ.
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ..... प्रा. स्वा. के.
मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र ..... मा. शि. के.
परिवार नियोजन केन्द्र .....
नगरीय क्षेत्र .....


मध्य प्रदेश
जिला दतिया
सिंचित क्षेत्र
जिला मिण्ड
158,816-88
6.9%
सेंवढ़ा
157,109.22
9.0%
दतिया
उ
राज्य सीमा
जिला सीमा
तहसील सीमा
नदी एवं नाला
सड़क
कृषि के अन्तर्गत क्षेत्र
1,00,000
50,000
25,000
सिंचित क्षेत्र
टिप्पणी: वृत्त के ऊपर कुल कृषि के अन्तर्गत क्षेत्र (एकड़ में) दर्शाया गया है।
मध्य प्रदेश में जिला दतिया
75°15'
30'
75°45'
26° 15'
26° 00'
25° 15'
45'
30'



तहसील का क्षेत्रफल	ग्रामों की संख्या		ग्रामीण केन्द्रों की संख्या
	आबाद	वीरान	
925·98 वर्ग कि.मी.	196	30	0



तहसील का क्षेत्रफल	गावों की संख्या		नगरीय केन्द्रों की संख्या
	आबाद	वीरान	
1108·83 वर्ग कि.मी.	205*	22	1

टिप्पणी : *3 आबाद ग्राम स्थानीय सीमा संख्या 25, 67 और 68 अविरल रूप से बाह्य वृद्धि क्षेत्र के रूप में नगर में सम्मिलित।

राज्य सीमा
तहसील सीमा
जिला मुख्यालय
तहसील मुख्यालय
ग्राम सीमा स्थानीय सीमा संख्या सहित
प्रान्तीय मार्ग
पक्की सड़क
कच्ची सड़क
नदी एवं नाला
नगर
गावों की आबादी श्रेणियाँ
सिंचाई नाला
आवास / तारघर
रेखीय संकेतांक सहित नदी रेखांश
चिकित्सालय
औषधालय; आयुर्वेदिक औषधालय
ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र
मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र
परिवार नियोजन केन्द्र
प्राथमिक शाला; माध्यमिक शाला
उच्चतर माध्यमिक शाला; महाविद्यालय
विज्ञान भवन / विज्ञान शाला
पुलिस थाना
नगरीय क्षेत्र

भाग दस (अ)

ग्राम और नगर निर्देशिका

व्याख्यात्मक टिप्पणी

1951 से पूर्व, जनगणना के समय एकत्रित किये गये आंकड़ों को जिलेवार पृथक्-पृथक् पुस्तिका के रूप में प्रकाशित नहीं किया जाता था। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना की प्रारंभिक तैयारी के समय यह अनुभव किया गया कि छोटी इकाईयों के लिये भी, जो प्रशासनिक दृष्टि से प्रगति की योजनाओं के लिये आधार-स्तंभ हैं, जनगणना से संबंधित आंकड़ों का पुस्तिका के रूप में प्रकाशन किया जावे और इस तरह से जिला जनगणना पुस्तिका की योजना की नींव पड़ी। जिला जनगणना पुस्तिकाओं की सफलता को ध्यान में रखते हुए 1961 की जनगणना के समय इन पुस्तिकाओं को अधिक उपयोगी बनाने की दृष्टि से जिले से संबंधित अन्य जानकारी का भी पुस्तिका में समावेश करने का निर्णय लिया गया, जैसे मौसम, कृषि, सहकारिता, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग आदि, जिले की वर्तमान स्थिति तथा प्रमुख विशेषताओं की ओर ध्यान केन्द्रित कराने के आशय से जिले का परिचयात्मक लेख भी सम्मिलित किया गया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में तो अवश्य सफलता मिली परन्तु पुस्तिकाओं को अत्यधिक विस्तृत एवं उपयोगी बनाने के फलस्वरूप उनके प्रकाशन में विलम्ब हुआ। अतः प्रकाशन के विलम्ब को दूर करने की दृष्टि से शताब्दी जनगणना के प्रबन्धकों ने पुस्तिका को तीन भागों में विभाजित करने का निर्णय लिया ताकि अधिक से अधिक जानकारी शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराई जा सके तथा पुस्तिकाओं का समुचित उपयोग दो जनगणना के बीच के काल में, कम से कम सात-आठ वर्ष तक हो सके।

क्षेत्र:—(i) पुस्तिका का भाग 'अ' ग्राम एवं नगर निर्देशिका है। ग्राम निर्देशिका में प्रत्येक ग्राम में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, यातायात तथा डाक एवं तार के क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख है। साथ ही साथ ग्राम की भूमि के विभिन्न उपयोग, साप्ताहिक बाजार तथा धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातत्व के उल्लेखनीय स्थान आदि से संबंधित जानकारी भी एकत्रित कर प्रस्तुत की गई है। नगर निर्देशिका में जिले के प्रत्येक नगर की जानकारी विस्तार से 7 पृथक्-पृथक् विवरण पत्रकों में दी गई है। नगर का प्रादुर्भाव, वर्तमान प्रशासकीय ढांचा, जनसंख्या वृद्धि, नगर का कार्य के आधार पर वर्गीकरण, प्राकृतिक स्वरूप, आय-व्यय की स्थिति तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार आदि के क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति तथा जनसंख्या का धर्म और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का वर्गीकरण यह सभी जानकारी एकत्रित कर प्रस्तुत की गई है। जिन संक्षिप्त रूपों का प्रयोग किया गया है, उसका खुलासा पृथक् से किया गया है।

(ii) भाग 'आ' में प्रत्येक गांव तथा नगर के बारे में जनगणना के समय एकत्रित की गई जानकारी प्रस्तुत की गई है, जैसे क्षेत्रफल, आबाद रिहायशी मकान, परिवारों की संख्या, कुल जनसंख्या तथा लिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, साक्षरता, कार्य आदि के आधार पर उसका वर्गीकरण।

(iii) भाग 'इ' में मुख्यतः प्रशासकीय आंकड़ों तथा विकास के क्षेत्र में जिले की प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया जावेगा। जिले से संबंधित भाषा, धर्म, लोगों के आवागमन आदि की सूचियों (टेबल्स) का भी समावेश इस भाग में होगा। विगत दस वर्षों में जिले के सामाजिक तथा आर्थिक ढांचे में हुए परिवर्तन से संबंधित एक परिचयात्मक लेख भी होगा।

ग्राम निर्देशिका :

ग्रामों से संबंधित समस्त जानकारी एक ही विवरण पत्रक में "सुख-सुविधाएं" तथा "भूमि उपयोग" इन दो मुख्य भागों में दी गई है। अन्य जानकारी जैसे नगर से दूरी, बाजार, मुख्य खाद्य पदार्थ, धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थल भी दी गई है। "सुख-सुविधा" के अन्तर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, यातायात आदि की जानकारी तथा "भूमि उपयोग" के अन्तर्गत कुल क्षेत्रफल, सिंचित तथा गैरसिंचित रकबा, कृषि योग्य भूमि आदि की जानकारी का समावेश है।

(अ) जिले की 2 तहसीलों में कुल ग्राम 453 हैं। प्रत्येक तहसील में 1961 और 1971 में ग्रामों की संख्या निम्न प्रकार हैं:—

तहसील	1961	1971	भिन्नता
1	2	3	4
1 सेवढ़ा	226	226	..
2 दतिया	226	227	+1
योग	452	453	+1

दतिया तहसील में 1971 में 1 ग्राम बढ़ गया है। यह दतिया नगर का राजस्व क्षेत्र, जो दतिया नगरपालिका क्षेत्र के बाहर है, को एक पृथक् ग्राम (स्थानीय कोड नम्बर 4/2/67) माना गया है।

क्षेत्रफल के आधार पर ग्रामों का विभाजन निम्न सारणी में दिया गया है :—

क्षेत्रफल एकड़ (में)	ग्रामों की संख्या
1	2
50 एकड़ या कम	1
51—100	2
101—200	15
201—500	100
501—1,000	152
1,001—2,000	130
2,001—5,000	49
5,000 एकड़ से अधिक	3
अप्राप्त	1
योग	453

उपर्युक्त सारणी में सेवढ़ा तहसील के ग्राम चन्देरिया (स्थानीय

कोड नम्बर 4/1/23) का क्षेत्रफल सम्मिलित नहीं है क्योंकि ग्राम वीरान है, और तहसीलदार, सेवढ़ा से इस ग्राम का क्षेत्रफल प्राप्त नहीं हुआ।

इस टिप्पणी में जहां भी क्षेत्रफल आया है उसमें उपर्युक्त ग्राम का क्षेत्रफल सम्मिलित नहीं है। दतिया तहसील के ग्राम अंजनी (स्थानीय कोड नम्बर 4/2/74) का क्षेत्रफल (17.06 एकड़) सबसे कम है और यह ग्राम पास के नगर दतिया से ८ कि. मी. की दूरी पर है, जबकि सेवढ़ा तहसील के ग्राम डांग सेवढ़ा (स्थानीय कोड नं. 4/1/28) का क्षेत्रफल (19,981.92) एकड़ जिले में सबसे अधिक है और यह ग्राम पास के नगर दतिया से 67 कि. मी. की दूरी पर है। ग्राम डांग सेवढ़ा का अधिक भाग वन क्षेत्र है। 452 ग्राम में से, जिनका क्षेत्रफल प्राप्त हुआ है, 282 ग्राम क्षेत्रफल सीमा 501–2,000 एकड़ में हैं। दोनों तहसीलों में अधिकतम ग्राम क्षेत्रफल सीमा 501–1,000 एकड़ के अन्तर्गत हैं। निम्न सारणी में प्रत्येक तहसील के ग्रामों की संख्या प्रत्येक क्षेत्रफल सीमा में दर्शाया गया है। यह संख्या उन्हीं ग्रामों की है जिनका क्षेत्रफल प्राप्त हुआ है :—

क्षेत्रफल एकड़ में	सेवढ़ा	दतिया	योग
1	2	3	4
50 एकड़ या कम	..	1	1
51–100	1	1	2
101–200	10	5	15
201–500	60	40	100
501–1,000	76	76	152
1,001–2,000	60	70	130
2,001–5,000	17	32	49
5,000 से अधिक	1	2	3
योग ..	225	227	452

(आ) **शैक्षणिक सुविधाएं :**—पास के नगर से विभिन्न दूरी सीमा के अन्तर्गत ग्रामों की संख्या, जिनमें विविध शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, निम्न सारणी में दर्शायी गई है :—

पास के नगर से दूरी	कुल ग्रामों की संख्या	ग्रामों की संख्या				
		प्राथमिक शाला	कनिष्ठ मा. शाला	उच्चतर या उ.मा. शाला	महा विद्यालय	अन्य
1	2	3	4	5	6	7
5 कि. मी. या कम	19	6	..	..	..	..
6–10 कि. मी.	46	28	2	2	..	..
11–15 कि. मी.	67	42	5	2	..	..
16–25 कि. मी.	114	71	11	2	..	1
26–50 कि. मी.	178	93	12	3	..	..
51–100 कि. मी.	29	8	..	..	..	..
101–200 कि. मी	..	..	..	..	..	..
201 कि.मी. और अधिक	..	..	..	..	..	..
योग ..	453	248	30	9	..	1

स्पष्ट है कि दूरी सीमा (26.50 कि. मी.) में अधिकतम ग्राम (178) है, और इन्हीं ग्रामों में अधिकतम शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रत्येक तहसील में शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या निम्न है :—

तहसील	शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या		
	उच्चतर या उच्च. माध्यमिक शाला	कनिष्ठ माध्यमिक शाला	प्राथमिक शाला
1	2	3	4
सेवढ़ा	3	19	129
दतिया	6	12	125
योग ..	9	31	254

एक ग्राम में 4 और 3 ग्रामों में 2 प्राथमिक शालाएं हैं और एक ग्राम में 2 कनिष्ठ माध्यमिक शालाएं हैं। इन ग्रामों का क्षेत्रफल और पास के नगर से दूरी निम्न प्रकार है :—

ग्राम का नाम	स्थानीय कोड नं.	तहसील	संस्थाओं की संख्या और प्रकार	ग्रामों का क्षेत्रफल एकड़ में	पास के नगर का नाम और दूरी
1	2	3	4	5	6
सेवढ़ा	4/1/33	सेवढ़ा	प्रा. शा. (4) कनिष्ठ मा. शा. (2)	1,698.22	लहार, 16 कि. मी.
दरयावपुर	4/1/36	,,	प्रा. शा. (2)	3,203.28	लहार, 14.4 कि. मी.
कुलेथ	4/1/135	,,	प्रा. शा. (2)	2,737.92	दतिया, 33.6 कि. मी.
पिपरा	4/1/190	,,	प्रा. शा. (2)	768.96	दतिया, 25.6 कि. मी.

(इ) **चिकित्सा सुविधाएं :**—प्रत्येक तहसील में प्रति 100 वर्ग कि. मी. के क्षेत्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं निम्न सारणी में दी गई है :—

तहसील	वर्ग कि. मी. में क्षेत्रफल	प्रति 100 वर्ग कि. मी. क्षेत्र में विविध प्रकार की चिकित्सा संस्थाओं की संख्या
1	2	3
सेवढ़ा	911.11	0.99
दतिया	1109.82	0.90

उपर्युक्त सारणी से ज्ञात होता है कि सेवढ़ा तहसील में

तुलनात्मक रूप से चिकित्सा संस्थाओं की संख्या प्रति 100 वर्ग कि. मी. अधिक है। प्रत्येक तहसील में चिकित्सा संस्थाओं की संख्या निम्न प्रकार है :—

तहसील	संख्या
1	2
1. सेवढ़ा	9
2. दतिया	10

(ई) **विद्युत् प्रदाय:**—पास के नगर से विभिन्न दूरी सीमा के अन्तर्गत ग्रामों की संख्या, जिनमें विद्युत् शक्ति उपलब्ध है, निम्न सारणी में दर्शायी गयी है :—

पास के नगर से दूरी	कुल ग्रामों की संख्या	ग्रामों की संख्या जहां विद्युत् शक्ति उपलब्ध है
1	2	3
5 कि. मी. या कम	19	1
6–10 कि. मी	46	5
11–15 कि. मी.	67	10
16–25 कि. मी	114	7
26–50 कि. मी	178	21
51–100 कि. मी.	29	..
101–200 कि. मी.	..	..
201 कि. मी. और अधिक	..	..
योग ..	453	44

यह स्पष्ट है कि 10 प्रतिशत से कम ग्रामों में विद्युत् शक्ति प्राप्त है, और उसमें से लगभग आधे ग्राम दूरी सीमा 26–50 कि. मी. के अन्तर्गत हैं। प्रत्येक तहसील में, जिन ग्रामों में विद्युत् प्रदाय उपलब्ध है, निम्न प्रकार है :—

तहसील	कुल ग्रामों की संख्या	ग्राम जिनमें विद्युत् शक्ति उपलब्ध है	विद्युत प्रदाय वाले ग्रामों का प्रतिशत
1	2	3	4
1. सेवढ़ा	226	25	11.06
2. दतिया	227	19	8.37

राज्य में जिन ग्रामों में विद्युत् प्रदाय होता है, का प्रतिशत 7 है, उससे जिले का प्रतिशत उचित रूप से सामन्जस्य है। जिले में दतिया तहसील में यह सुविधा कम उपलब्ध है।

(उ) **परिवहन सुविधाएं :**—पास के नगर से विभिन्न दूरी सीमा में आने वाले ग्रामों की संख्या और ऐसे ग्रामों की संख्या जहां किसी प्रकार की परिवहन सुविधाएं उपलब्ध है, निम्न सारणी में दर्शायी गई है :—

पास के नगर से दूरी	कुल ग्रामों की संख्या	ग्रामों की संख्या जिनमें				
		पक्की सड़क	कच्ची सड़क	पक्की सड़क और रेल	कच्ची सड़क व रेल	अन्य
1	2	3	4	5	6	7
5 कि. मी. या कम	19	9	8	..	..	..
6-10 कि. मी.	46	18	22	..	..	..
11-15 कि. मी.	67	31	24	..	..	..
16-25 कि. मी.	114	37	41	..	..	..
26-50 कि. मी.	178	50	20	..	1	..
51-100 कि. मी.	29	..	3	..	..	..
101-200 कि. मी.	..	..	..	..	..	..
201 कि.मी. और अधिक	..	..	..	..	..	..
योग ..	453	145	118	..	1	..

कुछ ही ग्राम पक्की सड़क से जुड़े हैं और पास के नगर से दूरी सीमा 51-100 कि. मी. और अधिक में पक्की सड़क किसी ग्राम में नहीं है। कुल 453 ग्रामों में से 264 ग्राम पक्की या कच्ची सड़क से जुड़े हैं। प्रत्येक तहसील की कुल ग्राम संख्या और ग्रामों की संख्या जिनमें पक्की सड़क है, निम्न प्रकार है :—

तहसील	कुल ग्रामों की संख्या	ग्रामों की संख्या जिनमें पक्की सड़क है	प्रतिशत
1	2	3	4
सेवढ़ा	226	64	28.31
दतिया	227	81	35.68

तुलनात्मक रूप से दतिया तहसील में परिवहन सुविधाएं अधिक उपलब्ध हैं।

(ऊ) **डाक व तार सुविधाएं :**—जिले की प्रत्येक तहसील में ऐसे ग्रामों की संख्या जहां डाक और तार घर हैं निम्न प्रकार है :—

तहसील का नाम	कुल ग्रामों की संख्या	ग्रामों की संख्या जहां डाकघर है	ग्रामों की संख्या जहां तारघर है	ग्रामों की संख्या जहां दूरभाष केन्द्र है
4	2	3	4	5
सेवढ़ा	226	20	1	1
दतिया	227	26	2	..
योग ..	453	46	3	1

प्रत्येक तहसील में प्रति 100 वर्ग कि. मी. के क्षेत्रफल में उपलब्ध डाक व तार घर की सुविधाएं निम्न प्रकार हैं :—

तहसील का नाम	वर्ग कि. मी. में क्षेत्रफल	प्रति 100 वर्ग कि. मी. क्षेत्रफल में डाक तार घरों की संख्या
1	2	3
सेवढ़ा	911.11	2.19
दतिया	1109.82	2.34

तुलनात्मक रूप से दतिया तहसील में अधिक डाक सुविधा प्राप्त है।

(ए) **मुख्य खाद्य :**—गेहूं और ज्वार जिले के अधिकांश ग्रामों का मुख्य खाद्य है ।

(ऐ) **भूमि उपयोग:** —(i) पटवारी कागजात के अनुसार जिले का लगभग 11 प्रतिशत क्षेत्र वन हैं। तहसीलवार वन क्षेत्र का प्रतिशत निम्न प्रकार है :–

(1) सेवढ़ा : 12.98 प्रतिशत

(2) दतिया : 8.77 प्रतिशत

स्पष्ट है कि जिले के वन क्षेत्र का प्रमुख भाग सेवढ़ा तहसील में है।

(ii) वर्ष 1960-61 से 1969 में 7.84 प्रतिशत कृषक क्षेत्र की वृद्धि। हुई है कृषि के अन्तर्गत वर्ष 1960-61 और 1968-69 में क्रमशः 3.25 और 7.95 भूमि की सिंचाई होती थी। इस अवधि में सिंचाई क्षेत्र में 163.99 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

(iii) पास के नगर से विभिन्न दूरी सीमा के अन्तर्गत प्रति ग्राम औसत कृष्य खाली भूमि निम्न सारणी में दर्शायी गई है :–

पास के नगर से दूरी	ग्रामों की संख्या	भूमि जिसमें कृषि होती है	प्रतिशत औसत भूमि जिसमें कृषि होती है	कुल कृष्य खाली भूमि	प्रति ग्राम कृष्य खाली भूमि	प्रति ग्राम औसत भूमि जिसमें कृषि होती है का प्रति ग्राम कृष्य खाली भूमि का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
0–5 कि. मी. या कम	19	10,843.89	570.73	5,758.54	303.08	53.10
6–10 कि. मी	46	28,480.56	619.14	11,559.98	251.30	40.58
11–15 कि. मी.	67	57,173.65	853.33	11,691.51	174.50	20.44
16–25 कि. मी.	114	92,571.62	812.03	16,221.25	142.29	17.52
26–50 कि. मी.	178	115,515.31	648.96	17,074.70	63.71	14.79
51–100 कि. मी.	29	11,341.07	391.08	1,628.37	56.15	14.35
101–200 कि. मी.	..	..	..	..	..	..
201 कि. मी. और अधिक	..	..	..	..	..	..
योग ..	453	315,926.10	..	63,934.35	..	..

साधरणतः नगरीय क्षेत्र के समीप ग्राम में कृष्य खाली भूमि कम होती है परन्तु उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि स्थिति पूर्णरूप से विपरीत है। जिले का प्राकृतिक स्वरूप और दूरी सीमा के नगरों की स्थिति ही इसका प्रमुख कारण है। दतिया और झांसी (उत्तर प्रदेश) नगर जिले के लगभग 79 प्रतिशत ग्रामों से पास के नगर हैं और झांसी, दतिया के दक्षिण में स्थित है। दतिया भी जिले की दक्षिण सीमा के समीप स्थित है। जिला जनगणना पुस्तिका, दतिया जिला 1961 में लिखा है कि जिले का दक्षिण भाग मुख्य नगर (दतिया) के आस पास पहाड़ी और अनुपजाऊ है, जबकि जिले का उत्तरी भाग उपजाऊ मैदान है।

जिले में 63,934 एकड़ के लगभग भूमि कृष्य खाली भूमि में वर्गीकृत की गई है जो जिले के कुल क्षेत्रफल का लगभग 13 प्रतिशत है। प्रत्येक तहसील में कृष्य खाली भूमि का प्रतिशत निम्न प्रकार है :—

तहसील का नाम	कृष्य खाली भूमि का प्रतिशत
1	2
सेवढ़ा	5.21
दतिया	19.03

स्पष्ट है कि दतिया तहसील में कृष्य खाली भूमि तुलनात्मक रूप से अधिक है और जो तहसील के ग्रामों के क्षेत्रफल का लगभग पांचवा हिस्सा है।

नगर निर्देशिका

यह सात प्रपत्रों के रूप में हैं। यह उचित होगा कि इन प्रपत्रों में संग्रहित जानकारी पर चर्चा करने के पूर्व नगरीय क्षेत्र निर्धारित करने वाले तथ्यों को समझा जावे।

(i) **नगर की परिभाषा** :—1961 की जनगणना में नगर से तात्पर्य वह स्थान थे जहां या तो—(1) नगरपालिका, केन्टोनमेन्ट अथवा नगर निगम हो, या (2) कम से कम 5,000 की जनसंख्या हो और तीन चौथाई वयस्क पुरुष गैर-काश्तकारी कार्य में कार्यरत हों। इस परिभाषा के आधार पर 1961 की जनगणना में 219 स्थानों को प्रारंभ में नगर माना गया था। सात स्थान परिभाषा के आधार पर सही नहीं ठहरे परन्तु सूची में परिवर्तन इस आधार पर नहीं किया गया कि चौदह स्थान महज नगरपालिका होने के आधार पर सम्मिलित हो गये थे और सात अन्य स्थानों के सम्मिलित होने से उपस्थित विषमता में कोई खास वृद्धि नहीं होती थी। 1971 की जनगणना में नगर की परिभाषा में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं किया गया तथा 247 नगरों की सूची बनाई गई। बाद में तीन अन्य स्थानों को, जिनमें से दो में नगरपालिका स्थापित होने से तथा तीसरे में नगरीय क्षेत्र निर्धारित करने के आवश्यक तथ्यों की पूर्ति होने से, सम्मिलित कर अंतिम सूची 250 नगरों की बनाई गई । जो स्थान नगर में सम्मिलित नहीं हैं उन्हें ग्रामों की सूची में सम्मिलित किया गया है।

(ii) **नगरीय क्षेत्र समूह** :—1971 की जनगणना में नगरीय क्षेत्र समूह की विचार धारणा की गई है। जिला जनगणना पुस्तिका में जनसंख्या के आंकड़ों को इस तरह प्रस्तुत किया जावेगा जिससे कि वास्तविक नगरीय क्षेत्र समूह एक मान्य अस्तित्व रहे और जिसके आंकड़ों में विधानानुकूल (नगरपालिका अन्य वैधानिक सीमा) नगरीय क्षेत्र के अतिरिक्त उसकी अन्य दिशाओं की वृद्धियों के आंकड़े भी शामिल रहें। इन वृद्धियों में स्पष्ट रूप से ऐसे क्षेत्र सम्मिलित रहेंगे जो वस्तुतः नगरीय हैं और लगातार फैलाव के अन्तर्गत हैं। यह इसलिए आवश्यक समझा गया जिससे कि भविष्य में किसी नगरीय क्षेत्र समूह की तुलना या अध्ययन यथार्थता से पूर्ण हो एवं जिस वस्तुस्थिति पर, नगरपालिका सीमा को निश्चित करने एवं नगरीय क्षेत्र में वृद्धि के मध्य लगने वाले समय का प्रभाव न हो सके।

(iii) **प्रमाप नगरीय क्षेत्र (स्टेन्डर्ड अर्बन एरिया)**:—1971 की जनगणना में इस नवीन विचार धारणा को विकसित किया गया है और प्रमाप नगरीय क्षेत्र (स्टेन्डर्ड अर्बन एरिया) की आवश्यकताएं निम्न हैं:—

(1) मुख्य नगर की जनसंख्या कम से कम 50,000 होना चाहिये।

(2) अन्य नगरों और ग्रामीण प्रशासनिक इकाईयों से लगातार क्षेत्र का मुख्य नगर से घनिष्ठ सामाजिक एवं आर्थिक संबंध होना चाहिये।

(3) संभावना ऐसी हो कि 2 या 3 दशाब्दियों में यह सम्पूर्ण क्षेत्र पूर्ण रूप से नगरीय हो जावेगा। लगातार 3 दशाब्दियों तक एक निश्चित नगरीय क्षेत्र के लिये तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत करने के उद्देश्य से यह विचार धारणा विकसित की गई है जो अर्थपूर्ण है।

विवरण पत्रक :—नगरों के बारे में बहुत ही उपयोगी जानकारी पृथक्-पृथक् विवरण पत्रकों में विभिन्न स्रोतों से एकत्रित कर प्रस्तुत की गई है। प्रत्येक विवरण प्रत्रक में स्रोत तथा समय का उल्लेख किया गया है। यहां यह लिखना असंगत न होगा कि विभिन्न स्रोतों से एकत्रित की गई जानकारी के विश्लेषण में स्थूल वर्णन अथवा अपर्याप्त जानकारी के कारण त्रुटि रह जाना संभव है। फिर भी जो जानकारी एकत्रित कर प्रस्तुत की गई है वह नगर की वर्तमान प्रगति पर समुचित प्रकाश डालती है।

विवरण क्रमांक 1:—इस विवरण पत्रक में प्रत्येक नगर की 1901 से 1971 तक की जनसंख्या वृद्धि तथा 1970 में नगर के प्रशासकीय ढांचे की जानकारी है। नगर का प्रशासन नगरपालिका, नगर निगम, केन्टोनमेन्ट, ग्राम पंचायत अथवा नोटिफाइड एरिया कमेटी जिस रूप में है, उसका उल्लेख है।

विवरण क्रमांक 2 :—इस विवरण पत्रक में नगरों की स्थिति (अक्षांश/देशांश), वर्षा, तापमान, एक लाख से अधिक आबादी वाले शहर, राज्य, जिला एवं तहसील मुख्यालय तथा रेलवे स्टेशन आदि से दूरी की जानकारी का समावेश है।

विवरण क्रमांक 3 :—इस विवरण पत्रक में स्थानीय संस्था का विभिन्न मदों में आय व्यय का ब्यौरा दिया गया है जिससे कि उसकी ऋण की स्थिति, आर्थिक स्थिति तथा जनहित के कार्यों पर व्यय आदि का अंदाज लग सके। 1968-69 से 1970-71 अर्थात् तीन वर्ष के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं ताकि यह पता लग सके कि वित्तीय स्थिति प्रगति की ओर है या नहीं।

विवरण क्रमांक 4:—इस विवरण पत्रक में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख है, जैसे सड़क निर्माण, गंदे पानी के बहाव की स्थिति, पानी, बिजली, आदि।

विवरण क्रमांक 5:—इस विवरण पत्रक में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मनोरंजन के क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख है।

विवरण क्रमांक 6:—इस विवरण पत्रक में नगरों में उपलब्ध उद्योग, व्यापार, तथा बैंकिंग की सुविधाओं का उल्लेख है।

विवरण क्रमांक 7:—इस अंतिम विवरण पत्रक में नगरों की 1971 की जनसंख्या का धर्म और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का (पुरुष/स्त्री) वर्गीकरण दिया गया है। 1971 की जनगणना के आधार पर केवल यही एक विवरण पत्रक है।

नगर

इस जिले में 2 तहसीलें और 1 नगर है जो निम्न प्रकार हैं :–

तहसील	नगर
1	2
1 सेवड़ा	..
2 दतिया	दतिया

दतिया, जिले का मुख्यालय है और 1901 से लगातार नगर माना जा रहा है।

नगरीय बाह्य वृद्धि और प्रमाप नगरीय क्षेत्र (स्टेण्डर्ड अर्बन एरिया) :—जिले में निम्न नगरीय बाह्य वृद्धियां हैं :–

नगर सतूह का नाम	बाह्य वृद्धि (ग्राम/स्थान का नाम)	स्थानीय कोड नं.	पूर्ण/आंशिक रूप से सम्मिलित
1		2	
दतिया	(i) दतिया गिर्द	4/2/67	(आंशिक)
	(ii) रामनगर	4/2/68	(आंशिक)
	(iii) गोविन्दपुरा	4/2/25	(आंशिक)

जिले में कोई प्रमाप नगरीय क्षेत्र (स्टेन्डर्ड अर्बन एरिया) नहीं है।

विवरण पत्रक 1.–दतिया नगर में नगरपालिका परिषद् है। दतिया नगर की जनसंख्या निम्न दशाब्दियों में कम हो गई थी :–

नगर	दशाब्दी वर्ष	जनसंख्या	अन्तर
1	2	3	4
दतिया	1901	24,071	
	1911	17,329	6,742
	1911	17,329	..
	1921	15,221	2,108

1931 दशाब्दी से लगातार नगर की जनसंख्या वृद्धि पर है। 1901-1911 दशाब्दी में जिले की जनसंख्या 17,844 से कम हो गई और नगर की जनसंख्या 6,742 से कम गणना की गई। असन्तोषपूर्ण भूमि व्यवस्था के कारण जिले के निवासियों को बाहर जाना पड़ा और जिससे जिले की आबादी में सामान्य कमी हुई। दशाब्दी 1911-1921 में जनसंख्या की कमी मुख्यतः सांघातिक इन्फ्लूएंजा और प्लेग की बीमारी के कारण रहा।*

प्रपत्र के कालम 14 में नगर का कार्यात्मक वर्ग दर्शाया गया है जो निम्न प्रकार है :–

कार्यात्मक वर्ग	नगरों की संख्या
1	2
सेवाएं–औद्योगिक–वाणिज्य एवं व्यवसाय	1

नौ औद्योगिक श्रेणियों को निम्न 5 कार्यात्मक वर्गों में वर्गबद्ध किया गया था :—

(1) प्राथमिक क्रियाएं (श्रेणी I–काश्तकार, श्रेणी II–खेतिहर मजदूर और श्रेणी III–खान खोदना, खान से पत्थर निकालना, पशु-पालन, शिकार इत्यादि को सम्मिलित करके)

(2) औद्योगिक (श्रेणी IV–पारिवारिक उद्योग, श्रेणी V–पारिवारिक उद्योगों के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं के बनाने में और श्रेणी VI–निर्माण कार्यों में, को सम्मिलित करके)

(3) व्यापारिक (श्रेणी VII–वाणिज्य एवं व्यवसाय में)

(4) परिवहन (श्रेणी VIII–परिवहन, संग्रहण और संचार में)

(5) सेवाएं (श्रेणी IX–अन्य सेवाओं में)

उपर्युक्त 5 कार्यात्मक वर्गों के समस्त काम करने वालों का प्रत्येक नगर के लिए प्रतिशत निकाल कर, प्रत्येक नगर का अधिभावी कार्य (कार्यों) को निश्चित किया गया था। यदि नगर के समस्त काम करने वालों में से 40 प्रतिशत से अधिक किसी एक कार्यात्मक वर्ग में आये तो उस नगर का वह कार्यात्मक वर्ग माना गया है। यदि किसी नगर में एक कार्यात्मक वर्ग में 40 प्रतिशत कार्य करने वाले नहीं आये तो 2 अधिभावी श्रेणियों, जिनमें सम्मिलित रूप से 60 प्रतिशत से अधिक काम करने वाले हों, उनको उस नगर का कार्यात्मक वर्ग निश्चित किया गया। यदि 2 श्रेणियों में समस्त काम करने वालों में 60 प्रतिशत से अधिक काम करने वाले नहीं आये तो प्रथम तीन कार्यात्मक वर्गों को उस नगर का कार्यात्मक वर्ग निश्चित किया गया।

विवरण पत्रक 2 :–1969 में प्राकृतिक स्वरूप और स्थिति इस पत्रक में दर्शायी गई है। दतिया नगर में 793.8 मि. मी. वार्षिक वर्षा होती है। नगर का औसत तापमान अप्राप्त है और वह लगभग ग्वालियर शहर (City) के समान ही है। इसी को प्रपत्र में दर्शाया गया है। जलवायु में अत्यधिक भिन्नता है। शीतकाल में अत्यधिक ठंडा और सूखा होता है; तापमान लगभग 40° से. ग्रे. तक चला जाता है और ग्रीष्म काल में 45° से. ग्रे. भी पहुंच जाता है।†

नगर बस मार्ग और रेल मार्ग (देहली-मद्रास) पर है। राज्य मुख्यालय, भोपाल से नगर 441 कि. मी. पर है। सबसे पास का शहर (City) झांसी (25 कि. मी.) दूरी पर है।

* District Census Hand Book—Census of India, 1961—Datia District—Page XLII.

† District Census Hand Book—Census of India, 1961—Datia District—Page XXXIX

विवरण पत्रक 3:—1971 की जनगणना के आधार पर नगर तृतीय वर्ग में आता है। वर्ष 1968-69 से 1970-71 में नगरपालिका का व्यय, आय के अन्तर्गत रहा। यह विवरण पत्रक से स्पष्ट होता है। इन 3 वर्षों में नगरपालिका की आय वृद्धि पर रही। करों से आय भी इन 3 वर्षों में वृद्धि पर रही। नगरपालिका ने इन वर्षों में कोई कर्ज नहीं लिया परन्तु शासकीय अनुदान के रूप में प्रत्येक वर्ष रुपये 28,600 नगरपालिका को प्राप्त हुए। प्रमुख मदों के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति आय-व्यय के आंकड़े निम्न सारणी में दर्शाये गए हैं :—

नगर का वर्ग	नगरों की संख्या	वर्ष	प्रति व्यक्ति						
			आय			व्यय			
			कुल आय	करों आदि से प्राप्ति	अन्य सभी साधनों से प्राप्त	कुल व्यय	लोक स्वास्थ्य सुविधाओं पर व्यय	लोक शिक्षण संस्था पर व्यय	अन्य सभी मदों पर व्यय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
वर्ग-I		..	..	..	..	..	..	..	..
100,000 से अधिक									
वर्ग-II		..	..	..	..	..	..	..	..
50,000 से 99,999									
वर्ग-III		1968–69	14.05	9.67	4.38	12.95	3.22	0.12	9.61
20,000 से 49,999		1969–70	16.84	10.21	6.63	13.37	0.44	0.02	12.91
		1970–71	18.52	12.15	6.37	13.86	0.50	0.03	13.33
वर्ग-IV		..	..	..	..	..	..	..	..
10,000 से 19,999									
वर्ग-V		..	..	..	..	..	..	..	..
5,000 से 9,999									
वर्ग-VI		..	..	..	..	..	..	..	..
5,000 से कम									

उपर्युक्त सारणी से ज्ञात होता है कि प्रति व्यक्ति आय प्रति व्यक्ति व्यय के समतुल्य है। प्रति व्यक्ति लोक स्वास्थ्य और सुविधाओं पर व्यय, प्रति व्यक्ति करों के आय से अत्यधिक कम है। विवरण पत्रक 3 के कालम 15 में दर्शाया गया व्यय "अन्य" कुल व्यय का अत्यधिक प्रतिशत है। आगे जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि नगरपालिका ने प्रतिवर्ष रुपये 106,000 शासन का कर्ज चुकाया जो "अन्य" मद में सम्मिलित है क्योंकि पत्रक में इस तरह के व्यय को दर्शाने के लिए अलग से कालम नहीं है।

विवरण पत्रक 4:—नगर में विद्युत् प्रकाश की व्यवस्था है और उद्योगों को भी विद्युत् प्रदाय की जाती है। सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था और नल से पीने के पानी की व्यवस्था भी नगर में है। अग्निशामक दल की व्यवस्था नहीं है।

विवरण पत्रक 5:—(i) चिकित्सा सुविधाएं:—दतिया में 2 चिकित्सालय, 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 1 औषधालय है। प्रति 1,000 व्यक्ति चिकित्सालयों में बिस्तरों की संख्या निम्न सारणी में दर्शायी गई है :—

चिकित्सा संस्थाओं में बिस्तरों की संख्या	प्रति 1,000 व्यक्ति बिस्तरों की संख्या
1	2
68	1.8

(ii) **शैक्षणिक सुविधाएं:**—दतिया में एक सम्मिलित महाविद्यालय और 3 उच्चतर माध्यमिक शालाएं हैं। प्रति हजार व्यक्तियों के लिए उच्चतर/उच्च माध्यमिक, कनिष्ठ माध्यमिक और प्राथमिक शालाओं की संख्या निम्न सारणी में दर्शायी गई है। वास्तविकता को ध्यान में रखकर इस सारणी में प्राथमिक और कनिष्ठ माध्यमिक शालाओं की संख्या के लिए आयु-समूह 0-14 और उच्चतर माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शालाओं के लिए आयु-

समूह 15–19 को आधार माना गया है :–

नगर का नाम	संख्या प्रति हजार		
	उच्चतर माध्यमिक/ उ. मा.	कनिष्ठ माध्यमिक	प्राथमिक
1	2	3	4
दतिया	0.19	2.0	3.5

(iii) **मनोरंजन और सांस्कृतिक सुविधाएं** :—दतिया में 2 सिनेमाघर, 1 खेलने का मैदान और 3 पुस्तकालय हैं।

विवरण पत्रक 6:—दतिया में 3 बैंक, 2 कृषि साख समितियां और 6 गैर-कृषि साख समितियां हैं। शक्कर, कपड़ा और चावल मुख्य आयात की वस्तुएं हैं और चना, गेहूं और ज्वार नगर से मुख्य निर्यात की वस्तुएं हैं।

विवरण पत्रक 7:—जिले की लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या दतिया नगर में है। नगर की लगभग 88 और 11 प्रतिशत जनसंख्या क्रमशः हिन्दू और इस्लाम धर्म को मानने वाली है, जबकि अन्य धर्म के मानने वालों की संख्या नगण्य है।

अनुसूचित जाति की जनसंख्या लगभग 10 प्रतिशत और अनुसूचित जन-जाति की जनसंख्या 1 प्रतिशत से कम है।

ग्राम निर्देशिका

ग्राम
सुख-सुविधाएं
सेवढ़ा

स्थानीय कोड नम्बर	ग्राम का नाम	ग्राम का कुल क्षेत्रफल (एकड़ में)	ग्राम में उपलब्ध सुख-सुविधाएं					
			शिक्षा सम्बन्धी	चिकित्सा सम्बन्धी	बिजली सम्बन्धी	पेय-जल सम्बन्धी	परिवहन सम्बन्धी	डाक तथा तार सम्बन्धी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	किटाना	316.26	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
2	नीमडांडा	1,003.94	पू.मा.शा.(1)	..	..	कु.	..	डा.
3	रुहेरा	3,173.04	प्रा. शा. (1)	आ. औ.(1)	..	कु.	..	..
4	मेवली	813.26	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
5	बिजोरा	915.32	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
6	कसेरुआ	1,991.08	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
7	भीकमपुरा	426.58	..	..	..	कु.	..	..
8	अमरा	415.50	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	प. स.	..
9	मगरौल	1,081.70	पू.मा.शा.(1)	..	..	कु.	प. स.	..
10	सड़	200.46	..	..	..	..	..	..
11	टुकी	438.68	..	..	..	कु.	प. स.	..
12	बालमपुरा	754.84	..	..	..	..	..	..
13	गुमानपुरा	560.74	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
14	डिरोलीपार	1,536.34	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	डा.
15	बघावदी	1,433.06	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
16	ग्यारा	1,461.48	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	प. स.	डा.
17	राजपुर	461.54	..	..	..	कु.	..	..
18	पाली	1,217.36	..	..	..	..	..	..
19	मेंड़पुरा	467.28	..	..	..	न.	..	..
20	डोंगरपुर	587.70	..	..	..	कु.	..	..
21	चिताई	145.54	..	..	..	कु.	..	..
22	सीतापुर	229.70	..	..	..	..	..	..
23	चंदेरिया	..	..	..	..	..	..	..
24	चक बरेजा	92.94	..	..	..	..	..	..
25	लोकेन्द्रपुर	1,556.20	..	..	..	कु.	..	..
26	नानट	716.74	..	..	..	..	..	..
27	खमरोली	950.15	प्रा. शा. (1)	..	..	कु.	..	..
28	डांग सेवढ़ा	19,981.92	..	..	..	..	..	..
